# विश्वविद्यालय में विश्व मृदा दिवस पर सांस्कृतिक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

विश्वविद्यालय में कृषि महाविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग में विश्व मृदा दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जैसे स्वस्थ शहरों के लिए स्वस्थ मिट्टी विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता श्रीमती एचएमजेएसवीएसएस स्कूल, शांतिपुरी नंबर 2, ऊधमसिंह नगर में आयोजित की गई और कई छात्रों और किसानों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में डा. अजय श्रीवास्तव अध्यक्ष मृदा विज्ञान, डा. के.पी. रावेरकर और डा. श्रीराम ने मृदा स्वास्थ्य और विश्व मृदा दिवस के महत्व के बारे में बताया। विभाग के स्नतक एवं स्नातकोत्तर छात्रों ने विभिन्न प्रतिस्पर्धी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया और छात्रों, किसानों और अन्य लोगों के बीच जागरूकता फैलाई। सभी फैकल्टी, अन्य तकनीकी और सहायक कर्मचारी और पीजी और पीएच.डी. छात्र कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुआ।

